हे अतुलित बलशाली

हे अतुलित बलशाली, जय जय महाँवीर हनुमान ॥
*महाँवीर हनुमान, जय जय महाँवीर हनुमान ।
पवन तनय बल भारी, जय जय महाँवीर हनुमान ।
हे अतुलित बलशाली, जय जय महाँवीर हनुमान ।

रामदास तुम प्रेमदास तुम, राम प्रेम में रमते तुम ।
प्रेम असीम ह्रदय में तुम्हरे, राम चरण को नमते तुम ॥
*देते सबको राम की भक्ति ॥, सबका मंगल करते तुम,
हे अतुलित बलशाली, जय जय महाँवीर हनुमान ।
पवन तनय बल भारी, जय जय महाँवीर हनुमान ।

ज्ञानवान में अग्रगण्य तुम, मन के सदा विजेता तुम ।
वेग तुम्हारा तीव्र पवन सम, शक्ति के हो दाता तुम ॥
*तुम सा न कोई जग में प्रेमी ॥, भक्तों के रखवाले तुम,
हे अतुलित बलशाली, जय जय महाँवीर हनुमान ।
पवन तनय बल भारी, जय जय महाँवीर हनुमान ।

चारों युग में तीन लोक में, जय जय कार तुम्हारा है ।
औगढ़ दानी हो तुम ही तो, तुम बिन कौन सहारा है ॥
*प्रेमी के दिल में तो सदा ही ॥, रहता वास तुम्हारा है,
हे अतुलित बलशाली, जय जय महाँवीर हनुमान ।
पवन तनय बल भारी, जय जय महाँवीर हनुमान ।

राम काज़ हेतु तन धारे, सबके काज सँवारे तुम ।
भक्ति के चन्द्रमा तुम्ही हो, धर्म ध्वजा के सहारे तुम ॥
*सब देवों के देव तुम हो ॥, शिव शँकर अविनाशी तुम,
हे अतुलित बलशाली, जय जय महाँवीर हनुमान ।
पवन तनय बल भारी, जय जय महाँवीर हनुमान ।

राम भक्ति में राम नाम में, रमते सदा रमाते तुम ।
जल चर थल चर नभ चर सारे, जीवों को हो भाते तुम ॥
*तुमसा कौन दयालु कपिवर ॥, करुणा के अवतारी तुम,
हे अतुलित बलशाली, जय जय महाँवीर हनुमान ।
पवन तनय बल भारी, जय जय महाँवीर हनुमान ।

भक्ति का भैवभ श्रुतियों का, महाँ खज़ाना है तुम में ।
भक्ति प्रेम ज्ञान वेदों का, भरते सबके अंतर् में ॥
*गुरु रूप में तुम ही आए ॥, सबके तारणहारे तुम,
हे अतुलित बलशाली, जय जय महाँवीर हनुमान ।
पवन तनय बल भारी, जय जय महाँवीर हनुमान ।
असीम करुणाशाली, जय जय महाँवीर हनुमान ।

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24476/title/hey-atulit-balshali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |